# नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज–फैजाबाद के प्रबन्ध परिषद की 168 वीं बैठक की कार्यवृत्त

बैठक की तिथि : 21–07–2015

स्थानः कुलपति सभाकक्ष
प्रशासनिक भवन,
नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय ,
कुमारगंज, फैजाबाद ।

समय : 02.30 बजे अपरान्ह

उपस्थिति :–

| | |
|---|---|
| **1–** प्रो0 अख़्तार हसीब , कुलपति | अध्यक्ष |
| 2– श्री अब्दुल मशहूद खॉ, मान0सदस्य विधान सभा | सदस्य |
| 3– श्रीमती नन्दिता शुक्ला मान0सदस्य विधान सभा | सदस्या |
| 4– श्री देवेन्द्र प्रताप सिह , मान0सदस्य विधान परिषद | सदस्य |
| 5– श्री सुरजन,संयुक्त संचिव ,कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग,उ0प्र0शासन | सदस्य |
| 6– डा0 कृपा शंकर पाण्डेय, अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन ,फैजाबाद मण्डल, फैजाबाद । | सदस्य |
| 7– डा0 योगेश प्रताप सिंह प्रतिनिधि निदेशक कृषि उ0प्र0 | सदस्य |
| 8– श्री बंशी लाल यादव , कृषि वैज्ञानिक | सदस्य |
| 9– श्री छेदी सिंह प्रगतिशील कृषक | सदस्य |
| 10– श्री शिवजीत यादव ,पशु प्रजनक | सदस्य |
| 11– श्रीमती सुचिता त्विारी ,प्राख्यात उद्योगपति | सदस्या |
| 12– डा0 रेहाना सिद्दीकी सामाजिक महिला कार्यकत्री | सदस्या |
| 13– श्री अमर चन्द्र वित्त नियंत्रक | सचिव |

बैठक के प्रारम्भ में माननीय कुलपति जी/अध्यक्ष प्रबन्ध परिषद द्वारा माननीय सदस्यो का स्वागत किया गया एवं बैठक में प्रथम बार भाग लेने वाले श्री अमर चन्द्र ,नवागत वित्त नियंत्रक का परिचय प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों से कराया गया ।

प्रबन्ध परिषद द्वारा विचारोपरान्त बैठक स्थगित किये जाने का निर्णय लिया गया । यह सुझाव दिया गया कि प्रबन्ध परिषद की पूर्व बैठकों की पुष्टि एवं की गयी कृत कार्यवाही की सूचना सहित प्रबन्ध परिषद की आगामी बैठक अतिशीध्र आहूत की जाय । वित्त उपसमिति की बैठक की कार्यवृत्त दिनांक 21–7–2015 में की गयी संस्तुति के अनुसार प्रस्ताव प्रस्तुत करनें का सुझाव दिया गया । यह भी सुझाव दिया गया कि यदि पूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत करना किन्ही कारणों से सम्भव न हो तो वित्त उपसमिति की

बैठक दिनांक 21–7–2015 को वेतन एवं आकस्मिक व्यय के अनुमोदनार्थ दिनांक 21–7–2015 की संस्तुति प्रबन्ध परिषद के समक्ष पारित करने हेतु प्रस्तुत किया जाय ।

बैठक की कार्यवाही अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुई।

21/07/2015

21.07.15

( अमर चन्द्र )
वित्त नियंत्रक/सचिव
प्रबन्ध परिषद

( प्रो0 अख़्तर हसीब )
कुलपति/अध्यक्ष
प्रबन्ध परिषद

**नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, फैजाबाद ।**

पत्रांक एन0डी0यू0ए0टी0/8/प्र0परि0–168वीं/लेखा/2015/628 दिनांक 21–07–2015

प्रतिलिपि –माननीय सदस्यों के अवलोकनार्थ प्रेषित ।

23.07.15

23/07/2015

( अमर चन्द्र )
वित्त नियंत्रक/सचिव
प्रबन्ध परिषद

# नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज–फैजाबाद के प्रबन्ध परिषद की 169 वीं बैठक की कार्यवृत्त

बैठक की तिथि : 07–08–2015

स्थानः कुलपति सभाकक्ष
प्रशासनिक भवन,
नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,
कुमारगंज, फैजाबाद ।

समय : 02.00 बजे अपरान्ह

उपस्थिति :–

| | |
|---|---|
| 1– प्रो0 अख़्तर हसीब , कुलपति | अध्यक्ष |
| 2– श्री अब्दुल मशहूद खॉ, मान0सदस्य विधान सभा | सदस्य |
| 3– श्री सुरजन,संयुक्त संचिव ,कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग,उ0प्र0शासन | सदस्य |
| 4– डा0 कृपा शंकर पाण्डेय, अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन ,फैजाबाद मण्डल, फैजाबाद । | सदस्य |
| 5– श्री वीरेन्द्र नाथ, अनुसचिव उच्च शिक्षा विभाग उ0प्र0शासन | सदस्य |
| 6– डा0 रूद्र प्रताप,निदेशक पशुपालन उ0प्र0 | सदस्य |
| 7– डा0 ओ0पी0 सिंह प्रतिनिधि निदेशक कृषि उ0प्र0 | सदस्य |
| 8– श्री बंशी लाल यादव , कृषि वैज्ञानिक | सदस्य |
| 9– श्री छेदी सिंह प्रगतिशील कृषक | सदस्य |
| 10– श्री शिवजीत यादव ,पशु प्रजनक | सदस्य |
| 11– डा0 रेहाना सिद्दीकी सामाजिक महिला कार्यकत्री | सदस्या |
| 12– श्री अमर चन्द्र , वित्त नियंत्रक | सचिव |

बैठक के प्रारम्भ में माननीय कुलपति जी/अध्यक्ष प्रबन्ध परिषद द्वारा माननीय प्रबन्ध परिषद के सदस्यों का स्वागत किया गया । श्री अब्दुल मशहूद खॉ , माननीय सदस्य विधान सभा/प्रबन्ध परिषद व डा0 रूद्र प्रताप ,निदेशक पशुपालन माननीय सदस्य प्रबन्ध परिषद द्वारा माननीय कुलपति जी के कार्यकाल में दीक्षान्त समारोह,के सफल आयोजन, यू0पी0कैटेट 2015 की प्रवेश परीक्षा व काउन्सिलिंग पारदर्शिता के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न करानें तथा विश्वविद्यालय का सर्वांगीण विकास करते हुए राजस्व की बढोत्तरी किये जाने की भूरि–भूरि प्रशंसा की जिसका प्रबन्ध परिषद के सभी सदस्यों ने एकमत से समर्थन किया। माननीय कुलपति जी ने प्रबन्ध परिषद को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय के प्रक्षेत्र उत्पादों की बिकी ई–टेन्डरिंग से किये जाने के फलस्वरूप विश्वविद्यालय को अधिक राजस्व की प्राप्ति हुयीं। माननीय कुलपति जी ने पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय की मान्यता के लिए

किये गये प्रयासों व पशु चिकित्सा परिषद की मूल्यांकन टीम के सदस्यों के निरीक्षण के उपरान्त पशु चिकित्सा परिषद से महाविद्यालय में 09 विद्यार्थियों का नामांकन किये जाने की सूचना से अवगत कराते हुए बताया कि ऐसी सम्भावना प्रबल हो गयी है कि महाविद्यालय को मान्यता शीध्र ही मिल जायेगी ,तदोपरान्त बैठक में प्रस्तुत प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा हुयी एवं निम्नवत निर्णय लिया गया :–

**प्रस्ताव सं0 169:1 प्रबन्ध परिषद की गत 166वीं बैठक दि0 05–12–2014, 167वीं बैठक दिनांक 19–02–15 एवं 168वीं बैठक दिनांक 21–07–2015 के कार्यवृत्त की पुष्टि ।**

प्रबन्ध परिषद की गत 166वीं बैठक दि0 05–12–2014, 167वीं बैठक दिनांक 19–02–2015 , वित्तीय वर्ष 2015–16 के प्रथम तीन माह के व्यय का अनुमोदन एवं 168वीं बैठक दिनांक 21–07–2015 की कार्यवृत्त की पुष्टि सर्वसम्मति से की गयी।

**प्रस्ताव सं0 169:2 : प्रबन्ध परिषद की गत बैठकों में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना –**

प्रबन्ध परिषद की गत बैठकों में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना बैठक में प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत की गयी जिससे प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्य अवगत हुए तथा की गयो कार्यवाही पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की ।

**प्रस्ताव सं0 169:3 : वित्तीय वर्ष 2014–15 पुनरीक्षित एवं वर्ष 2015–16 अनुमानित आय व्ययक पर विचार एवं निर्णय ।**

वित्त उपसमिति द्वारा विश्वविद्यालय का वित्तीय वर्ष 2014–15 पुनरीक्षित एवं वर्ष 2015–16 अनुमानित आय व्ययक संलग्न परिशिष्ट–एक के अनुसार निम्न सुझावानुसार सर्वसन्मति के साथ संस्तुति प्रदान की गयी :–

1– विश्वविद्यालय के खातो में प्राप्त ब्याज की धनराशि विश्वविद्यालय की प्राप्तियों में सम्मिलित की जाय ।

2– विगत वर्ष 2014–15 में राज्य सरकार आयोजनेत्तर योजनाओं के अन्तर्गत उपलब्ध धनराशि से अधिक हुये व्यय की प्रतिपूर्ति हेतु शासन से मॉग की जाय। यदि शासन से धन प्राप्त नही होता है तब विश्वविद्यालय के आय से प्रतिपूर्ति की जाय । व्यय विश्वविद्यालय मे उपलब्ध होने वाली धनराशि तक सीमित रखा जाय ।

वित्त उपसमिति की उपरोक्त संस्तुति को प्रबन्ध परिषद द्वारा संलग्न परिशिष्ट–एक के अनुसार सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया ।

**प्रस्ताव सं0 169:4 कृषि शिक्षा एवं अनुसंधन अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन,लखनऊ के शासनादेश सं0–1064 /67– कृशिअ –15 –400(79)86 टी0सी0–1 लखनऊ दिनांक 26 जून 2015 जिसके द्वारा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, फैजाबाद के अन्तर्गत पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय में शैक्षिक सम्वर्ग में अतिरिक्त 25 पदों के सृजन , को विश्वविद्यालय में अंगीकार किये जाने के सम्बन्ध में विचार एवं निर्णय ।**

वित्त उपसमिति द्वारा कृषि शिक्षा एवं अनुसंधन अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के उपरोक्त शासनादेश दिनांक 26 जून 2015 द्वारा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, फैजाबाद के अन्तर्गत पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय में शैक्षिक सम्वर्ग में अतिरिक्त 25 पदों के सृजन , को विश्वविद्यालय में अंगीकार किये जाने की संस्तुति प्रदान की गयी । वित्त उप समिति की उपरोक्त संस्तुति को प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया ।

**प्रस्ताव सं0 169:5 बायोटेक्नालोजी विभाग विज्ञान एवं तकनीकी मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित "Development of high yielding salt-tolerant rice varieties through marker assisted backcross breeding and its dissemination in salt affected areas of India" योजना को विश्वविद्यालय में कियान्वित किये जाने के सम्बन्ध में विचार एवं निर्णय ।**

वित्त उप समिति द्वारा योजना को विश्वविद्यालय में कार्यान्वित किये जाने की संस्तुति प्रदान की गयी । वित्त उप समिति की संस्तुति को प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया ।

**अन्य बिन्दुः–** बैठक के दौरान प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्य श्री छेदी सिंह व श्री बंशी लाल यादव ने विश्वविद्यालय मे निदेशक प्रसार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उन्हें कार्यमुक्त करनें का प्रस्ताव रखा जिस पर प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्य श्री शिवजीत यादव ने विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता पशुचिकित्सा विज्ञानएवं पशुपालन महाविद्यालय के विरूद्व शिकायतों का प्रकरण उठाया। सदस्यों की इस चर्चा पर अध्यक्ष प्रबन्ध परिषद ने प्रस्तावित

किया कि विश्वविद्यालय के सुचारू संचालन के लिए वर्ष 2009 से 2014 तक की कैग रिपोर्ट की आपत्तियों में शामिल बिन्दुओं समेत , ऐसे जो भी अधिकारी व कर्मी जिनके विरूद्व शिकायती व अनियमितता संबंधी प्रकरण हो , उस पर बैठक में एकसाथ चर्चा कर जॉच करानें का निर्णय लिया जाय ।

कैग की रिपोर्ट पर नियमानुसार उत्तर तैयार किया जाता है । आपत्तियॉ उचित उत्तर होने पर समाप्त हो जाती है । यदि नियमानुसार किसी का उत्तरदायित्व बनता है तो उसे प्रबन्ध परिषद के समक्ष चर्चा के लिए रखा जायेगा । शिकायत सम्बन्धी प्रकरणों में जॉच चल रही है । जॉच आख्या प्राप्त होने पर प्रबन्ध परिषद में चर्चा हेतु प्रस्तुत किया जायेगा तथा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी, जिस पर माननीय सदस्यों ने सहमति व्यक्त की।

बैठक की कार्यवाही अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुई।

07/08/2015

( अमर चन्द्र )
वित्त नियंत्रक / सचिव
प्रबन्ध परिषद

07-08-2015

( प्रो0 अख़्तर हसीब )
कुलपति / अध्यक्ष
प्रबन्ध परिषद

**नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, फैजाबाद ।**

पत्रांक एन0डी0यू0ए0टी0 / 8 / प्र0परि0–169वीं / लेखा / 2015 / 683 दिनांक 07.08.15

प्रतिलिपि –माननीय सदस्यों के अवलोकनार्थ प्रेषित ।

07/08/2015

( अमर चन्द्र )
वित्त नियंत्रक / सचिव
प्रबन्ध परिषद

परिशिष्ट–एक

नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्यौगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज ,फैजाबाद

आय–व्ययक पुनरीक्षित व्यय वर्ष 2014–15 एवं अनुमान वर्ष 2015–16

(धनराशि हजार रू0 में)

| कमांक | मुख्य लेखाशीर्षक | पुनरीक्षित व्यय वर्ष 2014–15 | प्रस्तावित अनुमान वर्ष 2015–16 |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 7 |
| 1 | **राज्य सरकार आयोजनेत्तर योजनाएं** | | |
| क | कृषि विश्वविद्यालय | 495509 | 510468 |
| ख | पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय | 90012 | 103274 |
| ग | महामाया कृषि अभियंत्रण एवं तकनीकी महाविद्यालय अम्बेडकरनगर, | 12585 | 15884 |
| घ | प्रसार योजनाओं का सुदृढीकरण (कृषि ज्ञान केन्द्रो हेतु) | 98 | 200 |
| च | तकनीकी प्रशिक्षण हेतु | 0 | 875 |
| छ | आडिट फीस | 7600 | 29383 |
| ज | नये प्रवेशकों पर नयी परिभाषित अंशदान पेंशन योजना | 0 | 13900 |
| | **योग (राज्य सरकार आयोजनेत्तर)** | **605804** | **673984** |
| 2 | **राज्य सरकार आयोजनागत योजनाएं** | | |
| क | भारतीय कृषि अनु0 परि0 के सहयोग से संचालित परियोजनाओ हेतु 75:25 प्रतिशत परियोजनाओ हेतु 25 प्रतिशत राज्यांश | 33124 | 40117 |
| ख | विश्वविद्यालय में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्य | 304600 | 167171 |
| ग | रावे पर व्यय( 25 प्रतिशत) | 95 | 293 |
| घ | पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में वी0वी0एस0सी0एण्ड ए0एच0 पाठ्यकम के अन्तिम वर्ष के छात्रों हेतु इन्टर्नशिप कार्यकम हेतु राज्यांश | 0 | 250 |
| च | कृषि महाविद्यालय आजमगढ की स्थापना हेतु | 0 | 30000 |
| | **योग (राज्य सरकार आयोजनागत)** | **337819** | **237831** |
| 3 | **भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित योजनाएं** | | |
| क | शत प्रतिशत वित्त पोषित कृषि विज्ञान केन्द्रों हेतु | 145779 | 191704 |
| ख | शत प्रतिशत वित्त पोषित शोध योजनाओं हेतु | 2466 | 567 |
| ग | केन्द्रीय सहायता एन0टी0एस0 | 8996 | 139287 |
| घ | रावे पर व्यय ( 75 प्रतिशत) | 286 | 1174 |
| च | पुस्तकालय का सुदृढीकरण | 2329 | 11150 |
| छ | भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा 75:25 प्रतिशत वित्त पोषित योजनाओं की 75 प्रतिशत धनराशि | 99373 | 120351 |
| ज | शिक्षकों के यू0जी0सी0एरियर के भुगतान हेतु | 1463 | 10000 |
| | **योग** | **260692** | **474233** |
| | **सम्पूर्ण योग** | **1204315** | **1386048** |

**नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज–फैजाबाद के प्रबन्ध परिषद की 170 वीं विशेष बैठक की कार्यवृत्त**

बैठक की तिथि : 19–12–2015

स्थान: कुलपति सभाकक्ष
प्रशासनिक भवन,
नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्यौगिक विश्वविद्यालय ,
कुमारगंज, फैजाबाद ।

समय : 02.00 बजे अपरान्ह

उपस्थिति :–

| | |
|---|---|
| 1– प्रो0 अख़्तर हसीब, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2– श्रीमती नन्दिता शुक्ला, माननीय सदस्य विधान सभा | सदस्या |
| 3– डा0 के0एस0सिह, अपर निदेशक प्रतिनिधि निदेशक पशुपालन उ0प्र0 | सदस्य |
| 4– श्री छेदी सिंह, प्रगतिशील कृषक | सदस्य |
| 5– श्री शिवजीत यादव, पशु प्रजनक | सदस्य |
| 6– डा0 रेहाना सिद्दीकी, सामाजिक महिला कार्यकत्री | सदस्या |
| 7– श्री अमर चन्द्र, वित्त नियंत्रक | सचिव |

बैठक के प्रारम्भ में माननीय कुलपति जी/अध्यक्ष प्रबन्ध परिषद द्वारा माननीय प्रबन्ध परिषद के सदस्यों का स्वागत किया गया । निदेशक पशुपालन , उ0प्र0 के प्रतिनिधि के रूप में बैठक में भाग लेने आये डा0के0एस0सिंह ,अपर निदेशक पशुपालन ,फैजाबाद का परिचय माननीय सदस्यों से कराया गया ।

तदोपरान्त बैठक में प्रस्तुत प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा हुयी एवं निम्नवत निर्णय लिया गया:–

**प्रस्ताव सं0 170:1 प्रमुख सचिव , कृषि शिक्षा अनुसंधान विभाग,उ0प्र0शासन, लखनऊ से निर्गत संशोधित कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम लागू किये जाने की प्रभावी तिथि निर्धारित विषयक शासनादेश सं0 2052/67–कृशिअ–14–1500 (16)/09 दिनांक 30 सितम्बर,2014 को अंगीकार करने एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली में समाहित किये जाने पर विचार एवं निर्णय।**

प्रबन्ध परिषद द्वारा शासनादेश सं0 2052/67–कृशिअ–14–1500 (16)/09 दिनांक 30 सितम्बर,2014 को अंगीकार करने एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली में समाहित किये जाने का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**प्रस्ताव सं0 170:2: कृषि शिक्षा अनुसंधान विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ से निर्गत शासनादेश सं0 1064/67–कृशिअ–15–400(79)/86 टी0सी0–1 लखनऊ दिनांक 26 जून ,2015 द्वारा नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्यौगिक विश्वविद्यालय ,कुमारगंज, फैजाबाद के पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय में शैक्षिक संवर्ग में अतिरिक्त 25 पदों के नियुक्ति किये जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय ।**

प्रबन्ध परिषद की 169वीं बैठक दिनांक 07–08–2015 प्रस्ताव स0 169:4 द्वारा पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय में शैक्षिक संवर्ग में अतिरिक्त 25 पदों के सृजन को अंगीकार किये जाने के कम में प्रस्तुत प्रस्ताव प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से निम्नानुसार अनुमोदित किया गया :–

1– इन 25 पदों को प्रबन्ध परिषद द्वारा अंगीकार किये जाने के कम में नियुक्ति की प्रकिया विज्ञापन के माध्यम से पूर्ण कर ली जाय। नियुक्त किये गये संकाय शिक्षकों के वेतन का आहरण प्राप्त शुल्क द्वारा ही किया जाय।

2– पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय की अस्थायी मान्यता को बनाये रखने एवं शैक्षणिक कार्य बाधित न हो , इसके लिए गेस्ट फैकल्टी के रूप में नियुक्ति कर ली जाय एवं शासन द्वारा स्वीकृत/सृजित पदो के सापेक्ष धनराशि की मांग हेतु शासन से अनुरोध किया जाय।

अन्य प्रस्ताव :

**1– आगामी दीक्षान्त समारोह 2016 के अवसर पर पहने जानें वाली वेश–भूषा के निर्धारण पर विचार एवं निर्णय ।**

आगामी दीक्षान्त समारोह 2016 के अवसर पर पहने जानें वाली वेश–भूषा निर्धारण हेतु विद्वत परिषद की 236वीं बैठक के मद संख्या 236:1398 में पारित संकल्प को प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया ।

माननीय कुलपति जी ने प्रबन्ध परिषद को अवगत कराया कि आज दिनांक 19–12–2015 को प्रबन्ध परिषद के दो सदस्य श्री अब्दुल मशहूद खॉ एवं श्रीमती नन्दिता शुक्ला , माननीय सदस्य विधान सभा के कार्यकाल का अन्तिम दिवस है एवं इसके पूर्व प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्य श्री बंशी लाल यादव का कार्यकाल भी दिनांक 26–09–2015 को समाप्त हो चुका है । माननीय कुलपति जी द्वारा प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों के द्वारा विश्वविद्यालय के हित में किये गये योगदान एवं सहयोग की सराहना करते हुए भूरि–भूरि प्रशंसा की गयी एवं विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी विश्वविद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति में उनका भरपूर सहयोग एवं दिशा निर्देश मिलता रहेगा। माननीय कुलपति महोदय द्वारा

श्री बंशी लाल यादव एवं श्रीमती नन्दिता शुक्ला को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा प्रबन्ध परिषद के सचिव के रूप में अपनी अन्तिम बैठक करा रहे श्री अमर चन्द्र, वित्त नियंत्रक जेनकी सेवानिवृत्ति दिनांक 31–12–2015 को हो रही है , को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया ।

माननीय कुलपति महोदय ने प्रबन्ध परिषद को अवगत कराया कि तत्काल सूचना प्राप्त हुई है कि प्रबन्ध परिषद के पूर्व माननीय सदस्य श्री राज नरायण सिंह का आज दिनांक 19–12–2015 को आकस्मिक निधन हो गया है जिस पर सभी सदस्यों ने दुःख प्रकट किया। श्री राज नरायण सिंह के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन रखा गया एवं ईश्वर से उनकी दिवंगत आत्मा को शान्ति हेतु प्रार्थना की गयी। विश्वविद्यालय की तरफ से उनके परिवार को शोक प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया।

बैठक की कार्यवाही अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुई।

( अमर चन्द्र )
वित्त नियंत्रक/सचिव
प्रबन्ध परिषद

( प्रो0 अख़्तर हसीब )
कुलपति/अध्यक्ष
प्रबन्ध परिषद

**नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, फैजाबाद ।**

पत्रांक एन0डी0यू0ए0टी0/8/प्र0परि0–170वीं विशेष बैठक/लेखा/2015/1323 दिनांक 30–12–2015

प्रतिलिपि –माननीय सदस्यों के अवलोकनार्थ प्रेषित ।

30/12/2015

( अमर चन्द्र )
वित्त नियंत्रक/सचिव
प्रबन्ध परिषद

# नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज–फैजाबाद के प्रबन्ध परिषद की 171 वीं विशेष बैठक की कार्यवृत्त

बैठक की तिथि : 03–03–2016

स्थानः कुलपति सभाकक्ष
प्रशासनिक भवन,
नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्यौगिक विश्वविद्यालय ,
कुमारगंज, फैजाबाद ।

समय : 03.00 बजे अपरान्ह

उपस्थिति :–

| | |
|---|---|
| 1– प्रो0 अख़्तर हसीब, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2– डा0 कृपा शंकर पाण्डेय ,अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन | सदस्य |
| 3– डा0 के0एस0सिंह, अपर निदेशक प्रतिनिधि निदेशक पशुपालन उ0प्र0 | सदस्य |
| 4– श्री ओ0पी0सिंह ,संयुक्त निदेशक प्रतिनिधि निदेशक कृषि उ0प्र0 | सदस्य |
| 5– श्री यजुवेन्द्र गौड, एस0ए0, गर्वनमेन्ट डिग्री कालेज फैजाबाद प्रतिनिधि प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा विभाग उ0प्र0 | सदस्य |
| 6– श्री छेदी सिंह, प्रगतिशील कृषक | सदस्य |
| 7– श्री शिवजीत यादव, पशु प्रजनक | सदस्य |
| 8– डा0 रेहाना सिद्दीकी, सामाजिक महिला कार्यकत्री | सदस्या |
| 9– श्रीमती सुचिता तिवारी , प्राख्यात उद्योगपति | सदस्या |
| 10– डा0 पी0के0 सिंह, वित्त नियंत्रक | सचिव |

बैठक के प्रारम्भ में माननीय कुलपति जी/अध्यक्ष प्रबन्ध परिषद द्वारा माननीय प्रबन्ध परिषद के सदस्यों का स्वागत किया गया। तदोपरान्त बैठक में प्रस्तुत प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा हुयी एवं निम्नवत निर्णय लिया गया:–

**प्रस्तावसं0171:1 कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय , फैजाबाद मे पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय एवं अन्य महाविद्यालयों में गेस्ट फैकल्टी के रूप में शिक्षकों की नियुक्ति तथा मानदेय निर्धारित किये जाने हेतु विचार एवं निर्णय ।**

प्रबन्ध परिषद की 169वीं बैठक दिनांक 07–08–2015 के प्रस्ताव सं0 169:4 द्वारा पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय में शैक्षिक संवर्ग में अतिरिक्त 25 पदों के सृजन को अंगीकार किये जाने एवं प्रबन्ध परिषद की 170वीं बैठक दिनांक 19–12–2015 के प्रस्ताव सं0 170:2 द्वारा पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन

महाविद्यालय की अस्थायी मान्यता को बनाये रखने एवं शैक्षणिक कार्य बाधित न हो , को दृष्टिगत रखते हुए प्रबन्ध परिषद की बैठक में ब्यापक विचार विमर्श के उपरान्त माननीय सदस्यों द्वारा पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय के गेस्ट फैकल्टी के रूप में शिक्षको की नियुक्त करने का अनुमोदन किया गया ।

विद्वत परिषद की बैठक संख्या 241 दिनांक 27–02–2016 के प्रस्ताव सं0 241:1416 द्वारा पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय में गेस्ट फैकल्टी के रूप में शिक्षकों की नियुक्ति एवं मानदेय निर्धारण के सम्बन्ध में पारित संकल्प पर विस्तृत चर्चा की गयी । चर्चा के उपरान्त विद्वत परिषद द्वारा संस्तुत एवं अन्य विश्वविद्यालयों में प्रचलित मानदेय की निम्नवत दरों को सर्वसम्मति से प्रबन्ध परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया ।

| SL.No. | Qualifications | Honorarium | Category |
|---|---|---|---|
| 1 | Master in concerned discipline | Rs. 30,000/-per month(Rs. Thirty thousand only) | Category-I |
| 2 | Master in concerned discipline with NET / Ph.D. | Rs. 35,000/-per month(Rs. Thirty five thousand only) | Category-II |

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मानदेय की उपरोक्त दरें , विश्वविद्यालय के अन्य महाविद्यालयों जिनमें गेस्ट फैकल्टी द्वारा शिक्षण कार्य कराय जा रहा है ,मे भी प्रभावी होगी। उपरोक्त पुनरीक्षित दरें प्रबन्ध परिषद के अनुमोदन की तिथि से लागू होगी ।

अन्य प्रस्ताव :

**1- विश्वविद्यालय का वर्ष 2016–17 का आय व्यवक विधिवत पारित किये जाने तक वित्तीय वर्ष के प्रथम तीन माह (अप्रैल ,मई एवं जून 2016) के व्यय हेतु कुलपति महोदय को प्राधिकृत किये जाने पर विचार एवं निर्णय ।**

विश्वविद्यालय का आय व्ययक तैयार करके वित्त उप समिति की बैठक में प्रस्तुत किया जाता है एवं वित्त उप समिति की संस्तुति के पश्चात आय व्ययक को अनुमोदनार्थ प्रबन्ध परिषद की बैठक में प्रस्तुत किया जाता है। आय व्ययक तैयार करने में विगत वित्तीय वर्ष के व्यय का विवरण दिया जाता है जिसके कारण आय व्ययक तैयार करने में कुछ समय लगना स्वाभाविक है। विश्वविद्यालय के अधिकारियों, ,कर्मचारियों के वेतन एवं दैनिक श्रमिकों के पारिश्रमिक के भुगतान तथा विश्वविद्यालय के सुचारूरूप से संचालन हेतु होने वाले अति आवश्यक व्ययों के भुगतान में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो और विश्वविद्यालय अपनी उत्तरोत्तर प्रगति की ओर बढता रहे , को दृष्टिगत रखते हुए वित्तीय वर्ष 2016–17 के प्रथम तीन माह (अप्रैल ,मई एवं जून 2016) के व्यय हेतु 1/12 की सीमा के अन्तर्गत व्यय किये जाने का प्रस्ताव कुलपति महोदय द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

Ramesh
5-3-16

प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त प्रबन्ध परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2016–17 का आय व्ययक विधिवत पारित होने तक वित्तीय वर्ष के प्रथम तीन माह (अप्रैल ,मई एवं जून 2016) तक के व्यय को वित्तीय वर्ष 2015–16 के व्यय की धनराशि के 1/12 की सीमान्तर्गत प्रतिमाह व्यय के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया ।

बैठक की कार्यवाही अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुई।

( पी0के0 सिंह )
वित्त नियंत्रक/सचिव
प्रबन्ध परिषद

( अख़्तर हसीब )
कुलपति/अध्यक्ष
प्रबन्ध परिषद

**नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, फैजाबाद ।**

पत्रांक एन0डी0यू0ए0टी0/8/प्र0परि0–17वीं विशेष बैठक/लेखा/2016/1665 दिनांक 5–03–2016

प्रतिलिपि –माननीय सदस्यों के अवलोकनार्थ प्रेषित ।

( पी0के0सिंह )
वित्त नियंत्रक/सचिव
प्रबन्ध परिषद